प्रश्न- **बीते वर्ष चर्चा में रहे भारत-अमेरिका सैन्य समझौते के प्रमुख बिन्दुओं एवं इसके सामरिक महत्व को स्पष्ट करते हुये बताये कि यह किस प्रकार भारत की सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा में कारगर सिद्ध हो सकता है।** **(200 शब्द)**

मॉडल उत्तर

भूमिका में निम्न बातों को शामिल किया जा सकता है-

- भारत-अमेरिकी सैन्य समझौता 'लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट' का परिचय दें।

विषय वस्तु में निम्न बातों को शामिल किया जा सकता है-

⇨ **प्रमुख बिन्दुओं में निम्न तथ्य शामिल किये जा सकते है-**
- रक्षा, व्यापार एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग पर सहमति,
- साजो-सामाज के आदान-प्रदान पर सहमति,
- दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों एवं जमीन का इस्तेमाल करेंगे, तथा
- संयुक्त सैन्य अभ्यास एवं प्रशिक्षण संभव होगा।

⇨ **सामरिक महत्व दर्शाने के लिये निम्न बातों पर चर्चा की जा सकती हैं-**
- रक्षा, प्रौद्योगिकी एवं आधुनिकतम हथियारों की प्राप्ति संभव,
- पाकिस्तान के साथ शक्ति संतुलन स्थापना में सहायक,
- हिन्द महासागर एवं चीन सीमा के संदर्भ में चीन को प्रति संतुलित करने में सहायक,
- पाकिस्तान के संदर्भ में आतंकवाद का मुकाबला करने में सहायक, तथा
- जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी सहयोग से दबाव संभव।

⇨ **भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में कारगरता दर्शाने के लिये निम्न तथ्य दर्शाये जा सकते हैं-**
- सैन्य अभ्यास से सेना के युद्ध कौशल में वृद्धि जिसमें सीमा पर युद्ध के समय सैन्य क्षति को कम किया जा सके।
- आधुनिक हथियारों की खरीद तथा सीमा पर तैनाती से शत्रु देशों को प्रति संतुलित किया जा सकता है।
- प्रौद्योगिकी तथा अन्य साजो-सामान के आदान-प्रदान से स्वदेशी तकनीक में सुधार लाया जा सकता है।

अंत में संक्षिप्त, संतुलित व सारगर्भित निष्कर्ष लिखें।

नोट:- प्रश्नानुसार उत्तर के सभी बिन्दुओं को समाहित किया गया है, निर्धारित शब्द सीमा में व्यवस्थित कर विश्लेषण कर सकते है।

GS World